

## जमानत के बाद पहली बार पब्लिक के बीच नजर आए राज कुंद्रा

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनसमैन राज कुंद्रा पिछले दिनों पॉर्न फिल्में बनाने के आरोप में जेल जाने को लेकर सुर्खियों में थे। राज कुंद्रा को 21 सितंबर को जमानत पर रिहा किया गया था। अब जमानत पर रिहा होने के बाद पहली बार राज कुंद्रा पब्लिक के बीच नजर आए हैं। राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ छुट्टियों पर हिमाचल प्रदेश में हैं। हिमाचल में राज कुंद्रा को शिल्पा शेट्टी के साथ एक मंदिर में देखा गया। दोनों ने पीले रंग के धार्मिक कपड़े पहन रखे थे। बता दें कि जमानत के बाद यह पहला मौका है जबकि राज कुंद्रा नजर आए हैं। इससे पहले खबर आई थी कि राज कुंद्रा ने अपने इंस्टाग्राम और ट्विटर पर मौजूद सोशल मीडिया अकाउंट भी डिलीट कर दिए थे। हालांकि शिल्पा शेट्टी अभी भी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर मौजूद हैं और पहले की ही तरह ऐक्टिव भी हैं। बता दें कि जुलाई के महीने में मुंबई पुलिस ने राज कुंद्रा के ऑफिस पर छापेमारी करने के बाद उन्हें पॉर्न फिल्में बनाने और उन्हें इंटरनेट पर प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद लगभग 2 महीने जेल में रहने के बाद राज कुंद्रा को 21 सितंबर को जमानत पर रिहा किया गया था। पुलिस ने अपने आरोपों में कहा है कि राज कुंद्रा पॉर्न फिल्म बनाने वाले रैकेट के सरगना हैं।

## कैंसर से लड़कर लौटीं किरण खेर, इंडियाज गॉट टैलंट को करेंगी जज

ऐक्ट्रेस और पॉलिटिशन किरण खेर शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और बादशाह के साथ श्इंडियाज गॉट टैलेंटश् के जज की सीट पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। किरण खेर (ज्ञपततवद ज्ञीमत) को हाल ही में कैंसर का पता लगा था जिसके बाद वह इलाज के दौरान पूरी तरह से रेस्ट पर थीं। इस वक्त काम पर लौटने को लेकर किरण खेर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इंडियाज गॉट टैलंट हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है। इस टैलंट शो को जज करते हुए यह मेरा नौवां साल है। बतौर जूरी मेंबर शो पर लौटना एक सुखद अनुभव है। ऐसा लग रहा है जैसे मैं घर वापस आ रही हूं। किरण इस शो में शिल्पा और बादशाह के साथ इसे जज करने को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, श्शो का हिस्सा होना मेरे लिए हमेशा से गर्व की बात रही है जो हर किसी को अपना टैलंट दिखाकर अपने सपने को सच करने का मौका देता है। मैं खूबसूरत और प्यारी शिल्पा शेट्टी और पंजाबी मुंडा बादशाह के साथ इस शो को जज करने को लेकर काफी उत्साहित हूं।

## फिनाले में ट्रॉफी के दावेदार बने ये सदस्य! वीआईपी जोन ने बदल दिया पूरा खेल



बिग बॉस 15 में इस हफ्ते वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने सभी घरवालों को बताया था कि सोमवार यानी 8 नवंबर से फिनाले की रेस शुरू हो रही है और उसमें घर के कुछ चुनिंदा सदस्यों को वीआईपी एक्सेस मिलेगा। साथ ही कुछ ऐसी पावर मिलेगी, जिससे पूरा गेम बदल जाएगा।
प्रोमो में देखकर ऐसा लग रहा है कि वीआईपी जोन के लिए सदस्य चुनने की पावर घर के कैप्टन उमर रियाज को दी गई है। क्योंकि करन कुंद्रा उन्हें कन्विंस करते नजर आते हैं कि टॉप–5 वाली गेम है। चेंज द गेम। वहीं विशाल भी उमर से इस बारे में बात करते हैं। करन कहते हैं कि उन्हें हर हाल में शो में आखिर तक जाना है। लेकिन द खबरी के मुताबिक, उमर रियाज वीआईपी जोन में करन कुंद्रा, निशांत भट्ट और तेजस्वी प्रकाश को एंट्री दिलवा देते हैं। वह वीआईपी जोन के लिए हुए टास्क से पहले राउंड में नेहा भसीन और राकेश बापट को बाहर कर देते हैं। वहीं दूसरे राउंड में शमिता शेट्टी और राजीव अदातिया भी बाहर हो जाते हैं। अब देखना यह होगा कि ये फिनाले तक कैसे पहुंचते हैं।

# कटरीना की जिद पर दिसंबर में शादी कर रहे हैं विकी?




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*बॉलिवुड ऐक्टर विकी कौशल और कटरीना कैफ की शादी की खबरें लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। माना जा रहा है कि इनकी शादी 7–9 दिसंबर के बीच होनी तय हुई है। खबरों की मानें तो विकी और कटरीना की शादी राजस्थान के सिक्स सेंसेज फोर्ट बरवारा में होगी। यह एक रॉयल वेडिंग होगी और शादी की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। हाल में ऐसी भी खबर सामने आई थी कि दिवाली के दिन डायरेक्टर कबीर खान के घर पर विकी और कटरीना की रोका सिरेमनी भी हुई थी।*

अब कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो विकी कौशल इस शादी को अगले साल तक आगे बढ़ना चाहते थे मगर कटरीना के दबाव डालने पर यह शादी दिसंबर में हो रही है। श्बॉलिवुड लाइफश् की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विकी और कटरीना की एक और शादी की डेट मई 2022 की निकली थी। विकी इसी तारीख पर शादी करना चाहते थे ताकि वह अपने काम के शेड्यूल को बेहतर बना सकें और शादी के बाद कटरीना के साथ वक्त बिताने के लिए समय निकाल लें।

कटरीना कैफ भी अगले साल तक अपनी फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग पूरी कर लेतीं। लेकिन कटरीना ने दिसंबर में शादी करना ठीक समझा। एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि कटरीना ने अपनी शादी के बारे में सबकुछ सोच–समझकर प्लान किया है। उन्होंने अपने वेन्यू से लेकर ड्रेस तक सभी की तैयारी कर ली थी। कटरीना कैफ आउटडोर रॉयल वेडिंग करना चाहती थीं। राजस्थान में मई के महीने में भयंकर गर्मी पड़ती है तो ऐसे में आउटडोर वेडिंग नहीं की जा सकती थी। इसी को देखते हुए कटरीना ने दिसंबर में ही शादी करने की ठानी है।



**वर्क फ्रंट की बात करें**
कटरीना हाल में रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में अक्षय कुमार के साथ नजर आई हैं और फिल्म को काफी पसंद किया जा रहा है। अब कटरीना कैफ सलमान खान के साथ टाइगर 3 में नजर आएंगी। इसके अलावा वह सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ फिल्म श्फोन भूतश् में भी काम कर रही हैं। विकी कौशल की बात करें तो वह हाल में फिल्म सरदार उधम में नजर आएंगे। अब भारतीय सेना के फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक सैम बहादुर की शूटिंग शुरू करेंगे।

**एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं विक्की-कटरीना**
सोर्स ने बताया कि विक्की बेहद रोमांटिक हैं और कटरीना पर जान छिड़कते हैं। यहां तक कि उनके कॉमन दोस्तों के बीच भी इस बात की चर्चा होती है कि विक्की और कटरीना एक–दूसरे के प्यार में कितने पागल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोविड और लॉकडाउन के दौरान विक्की कौशल और कटरीना एक–दूसरे के और भी करीब आ गए और उनका बॉन्ड पहले से भी स्ट्रॉन्ग हो गया। लेकिन जब शादी के लिए प्रपोज करने की बात आई तो विक्की ने पूरा फिल्मी स्टाइल अपनाया।

# मुझे अपने दिवंगत पापा की कुछ चीजें चाहिए थीं, जो मेरे सौतेले भाई को मिलीं

*दीया मिर्जा ने बताया कि कैसे उन्हें अपने दिवंगत पिता के घर से उनसे जुड़ी कुछ चीजें चाहिए थीं, लेकिन वो सारी चीजें उनके सौतेले भाई को मिलीं। हालांकि, जो दीया को मिला , उससे उन्हें काफी सुकून मिला और सारा दर्द भूल गईं। बता दें कि दीया के पापा फ्रैंक हैंड्रिच एक जर्मनी आर्टिस्ट थे। दीया तब केवल 9 साल की थीं जब उनके पिता का निधन हो गया।*



दीया की मां दीपा बंगाली इंटीरियर डिजाइनर हैं। दीपा और फ्रैंक की शादी ठीक चल नहीं पाई, वे अलग हो गए और उस वक्त दीया केवल 5 साल की थीं। बाद में फ्रैंक ने एक अन्य महिला से शादी रचाई। दीपा ने भी बाद में हैदराबाद के अहमद मिर्जा से शादी रचा ली, जिनका सरनेम आज भी दीया के साथ है।
दीया ने हार्पर बाजार मैगजीन को दिए इंटरव्यू में दीया ने अपने बायॉलॉजिकल पिता के बारे में बातें कीं। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि वह अपने पिता की सम्पत्ति में से कुछ चीजें चाहती थीं, लेकिन सारी चीजें सौतेले भाई को मिलीं, जिनका जन्म उनके जाने के बाद हुआ था। उन्होंने कहा, श्उनकी सारी चीजें मेरे सौतेले भाई की मिली, जिसका जन्म पापा के जाने के बाद हुआ था। कुछ साल पहले मेरा सौतेला भाई मुंबई मुझसे और मां से मिलने आया और मैं उसे घर दिखा रही थी। वह कॉरिडोर की तरफ आया जहां मेरे बहुत सारे फोटोग्राफ थे, उनमें से एक तस्वीर मेरे बचपन की थी जिसमें मैं अपने पैरेंट्स के साथ दिख रही हूं। उसी पल इतने सालों से पापा की चीजो को लेकर जो दर्द और तकलीफ मैं ढो ही थी वह गायब हो गई। मैंने महसूस किया कि जो चीज मेरे पास है वह बेशकीमती है जो कि उन्हें लेकर मेरी यादें हैं।
दीया ने मिस मालिनी को दिए इंटरव्यू में बताया था कि वह 4 साल की उम्र में अपने पापा से काफी अटैच्ड थीं। उन्हें वह अपना हीरो मानती थीं। दीया ने इसी साल वैभव रेखी से दूसरी शादी की है। हाल ही में दीया मां भी बनीं, जिन्होंने बेटे को जन्म दिया है।